ग्राम सभा का आयोजन कर बुज़ुर्गों का किया सम्मान...

पेटलावद। टुडे रिपोर्टर

असालिया ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आयोजित कि गई, जहां बुज़ुर्गों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम के तहत, सबकी योजना, सबका विकास थीम के साथ पीपल्स प्लान कैंपेन के तहत 750 ग्राम पंचायतों में एक विशेष ग्राम सभा सह-ओरिएंटेशन/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

असालिया ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिकों ने देश के विकास और स्थानीय शासन के बारे में अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने सामुदायिक चचाओं में भाग लिया,

जिसमें स्थायी विकास और 2025-26 के पंचायत विकास योजना पर चर्चा की गई। विशेष कार्यक्रम पंचायत राज मंत्रालय, और टीआराइएफ के सहयोग से, तथा असालिया ग्राम पंचायत में कार्यरत युवा साथियों द्वारा फेसिलेटर के रूप में आयोजित किया गया।

राज्य स्तर के पंचायत राज अधिकारी स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित करते हुए, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते और उनकी कहानियों को संजोते हुए उपस्थित रहे।